23
यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला और यीशु
(11:1–19)

फिर मत्ती ने उन प्रतिक्रियाओं पर फोकस किया जो यीशु की शिक्षा और कामों पर लोगों की थी। ये प्रतिक्रियाएं आम तौर पर नकारात्मक होती थीं। यहां तक कि यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले ने भी प्रभु से सवाल किया।[1] यूहन्ना और यीशु की चर्चा के बाद (11:1–19), मत्ती ने अपश्चात्तापी नगरों को दी गई यीशु की डांट की बात कही (11:20–24), यीशु की प्रार्थना लिखी और फिर सब लोगों को अपने पास आने के यीशु के बड़े निमन्त्रण को दिखाया (11:25–30)।

यूहन्ना का प्रश्न (11:1-3)

[1]जब यीशु अपने बारह चेलों को आज्ञा दे चुका, तो वह उनके नगरों में उपदेश और प्रचार करने को वहां से चला गया।

[2]यूहन्ना ने बंदीगृह में मसीह के कामों का समाचार सुना और अपने चेलों को उस से यह पूछने भेजा, [3]"क्या आने वाला तू ही है या हम किसी दूसरे की बाट जोहें?"

आयत 1. इन शब्दों के साथ मत्ती ने संकेत दिया कि यीशु का **अपने बारह चेलों को आज्ञा** देना समाप्त हुआ था। ऐसा करने के बाद यीशु अध्याय 11 और 12 में दूसरे लोगों के साथ अपना मेल–जोल बढ़ाने लगा। जैक पी. लुईस ने टिप्पणी की है:

> 1228 में स्टीफन लैंग्टन द्वारा दिया गया अध्याय 10 और 11 का विभाजन अफ़सोसजनक है, क्योंकि आयत 1 वास्तव में अध्याय 10 का अन्त है। यह मत्ती के शिक्षा वाले भागों के निष्कर्षों वाला पांच वाक्यों में से दूसरा है (तुलना 7:28से; 13:53; 19:1; 26:1)।[2]

11:1 में "अपने बारह चेले" का हवाला 10:1 के हवाले के समान है, जो अध्याय 10 के लिए दोनों के लिए पुस्ताश्रय का काम करता है।

मत्ती ने चाहे इस तथ्य को साफ़–साफ़ नहीं बताया, पर चेले निकलने के बाद वही करने के लिए गए, जो यीशु ने उन्हें करने को अधिकृत किया (मरकुस 6:12, 13; लूका 9:6)। कम से कम कुछ समय के लिए लगता है कि **यीशु ने** अकेले सेवकाई की। शायद वह चेलों के पीछे पीछे गया (10:23 पर टिप्पणियां देखें)।

मत्ती में **वह वहां से चला गया** और ऐसे और वाक्यांशों का इस्तेमाल आम तौर पर संयोजकों के रूप में किया है (12:9; 13:53; 15:29; 19:1)। वहां से जाने का यीशु का उद्देश्य **उनके नगरों में उपदेश और प्रचार** करने का था (4:23; 9:35 पर टिप्पणियां देखें)। "उपदेश"

और "प्रचार" चाहे मिलते-जुलते हैं, पर वे अलग हो सकते हैं। "प्रचार करना" आवश्यक रूप में परमेश्वर के वचन को सुनाने पर केन्द्रित होता है, जबकि "उपदेश देने" में अधिक विस्तृत विवरण दिए जाते हैं। इस सारांश में से "चंगाई" की बात का न होना ध्यान देने योग्य है।

आयत 2. यूहन्ना के **बन्दीगृह** में होने की बात मत्ती के विवरण में तीन बार मिलती है (4:12; 11:2; 14:3)। जोसेफ़स के अनुसार, हेरोदेस अन्तिपास ने उसे मृत सागर के पूर्व में दक्षिणी पिरिया में मकेइरस (या मकेरस) किले में बन्दी बनाया था।[3] यह उन कई किलों में से एक था जिन पर हेरोदेस महान का कब्जा था। इसका इस्तेमाल फलस्तीन की पूर्वी सीमा की रक्षा के लिए किया जाता था। माइकल जे. विलकिन्स ने लिखा है, "किले का नाम सम्भवतया *मक़ायरा* अर्थात 'कटार' से लिया गया है और यह समुद्र तल से सात सौ मीटर (1,600 फुट) की ऊंचाई पर सीधे किनारों वाले पथरीले पहाड़ के ऊपर है, जिसकी रक्षा तीन तरफ से गहरे दर्रों से होती है।"[4]

यूहन्ना जेल में था, क्योंकि उसने बेबाक ढंग से राजा और उसकी भाभी हेरोदियास के नापाक विवाह की भर्त्सना की थी (लूका 3:19, 20; देखें लैव्यव्यवस्था 18:16)। वह उसकी भतीजी थी, उसके सौतेले भाई अरिस्तोबलुस की बेटी, और उसने उसके भाई हेरोदेस फिलिप्पुस के साथ विवाह किया था। रोम के एक दौरे पर, जब हेरोदेस अन्तिपास उस पर लट्टू हो गया, तो उसने उसे फुसलाया और फिर घर वापस आने पर तुरन्त अपनी पत्नी को तलाक देकर हेरोदियास से विवाह कर लिया था। लोगों का भय न होता तो हेरोदेस यूहन्ना को पहले ही मरवा चुका होता (14:5)।

स्पष्टतया यूहन्ना के कुछ **चेले** यीशु की गतिविधियों पर नज़र रख रहे थे और यूहन्ना को आकर बता रहे थे। यीशु के पास आकर (9:14) उन्होंने उससे उपवास के बारे में एक प्रश्न पूछा। इसके अलावा यीशु ने नाईन नगर की विधवा के बेटे को जिलाने के बाद "इन सब बातों का समाचार दिया" (लूका 7:18)। **मसीह के कामों** के बारे में सुनने पर यूहन्ना ने अपने चेलों की एक टीम यह सुनिश्चित करने के लिए यीशु के पास भेजी कि मसीह वही है या नहीं।

आयत 3. यूहन्ना का संदेश यह था: "**क्या आने वाला तू ही है या हम किसी दूसरे की बाट जोहें?**" यूहन्ना को मालूम था कि यीशु कौन है, क्योंकि वे रिश्तेदार थे (लूका 1:36)। उसने कहा, "देखो, यह परमेश्वर का मेमना, जो जगत का पाप उठा ले जाता है" उसे माना था (यूहन्ना 1:29) और आत्मा को कबूतर के समान उतरते और उस पर ठहरते देखा (यूहन्ना 1:32)। यूहन्ना ने यीशु के लिए यह भी घोषणा की थी "अवश्य है कि वह बढ़े और मैं घटूं" (यूहन्ना 3:30)। तो फिर अब क्यों लगा कि यूहन्ना को कोई संदेह है?

कई सम्भावनाएं पाई जाती हैं। शायद यह सवाल यूहन्ना के चेलों के और उसके अपने लाभ के लिए उठाया गया था। यूहन्ना के कुछ चेले, जिन्होंने यीशु के चेलों के साथ शामिल न होने को चुना था और यूहन्ना के साथ रहे थे, वे पूछ रहे होंगे कि यीशु कौन है। दूसरों को लगा होगा कि यह बेचैनी वाला प्रश्न है कि यूहन्ना जानना चाहता है कि यीशु उन बातों को कब करेगा जिसकी उसने जंगल में प्रचार करते हुए भविष्यवाणी की थी (3:7-12)। एक और विचार है कि यूहन्ना ने यह प्रश्न केवल उस बात की पुष्टि करने के लिए किया हो सकता है जिसे वह पहले से मानता था।

इसकी बेहतर व्याख्या यूहन्ना की स्थिति के साथ मेल खाती है। खुलेआम हेरोदेस अन्तिपास के नापाक विवाह को गलत ठहराने और उसके जेल में डाल दिए जाने पर यूहन्ना सच्चाई का प्रचार करने में निर्भय और वफ़ादार था। उसके मन में एक पल के लिए संदेह आया हो सकता है और वह यह सुनिश्चित करना चाहता होगा कि जो आने वाला था, उसका मार्ग तैयार करने के लिए उसने आवश्यक तैयारी की है या नहीं।

"अपेक्षित" (NASB) या "आने वाला" मसीहा के लिए इस्तेमाल होने वाला शीर्षक था, क्योंकि उसके आने की राह इस्राएल द्वारा सदियों से देखी जा रही थी (भजन संहिता 118:26)। यह शब्द अधिकतर यहूदियों के लिए जाना पहचाना रहा होगा (मत्ती 3:11; 21:9; 23:39; यूहन्ना 4:25; 6:14; 11:27; 12:13)।

यीशु का उत्तर (11:4-6)

4यीशु ने उत्तर दिया, "जो कुछ तुम सुनते हो और देखते हो, वह सब जाकर यूहन्ना से कह दो, 5कि अन्धे देखते हैं और लंगड़े चलते-फिरते हैं, कोढ़ी शुद्ध किए जाते हैं और बहिरे सुनते हैं, मुर्दे जिलाए जाते हैं, और कंगालों को सुसमाचार सुनाया जाता है। 6और धन्य है वह, जो मेरे कारण ठोकर न खाए।"

आयत 4. यीशु ने यूहन्ना के चेलों को केवल "हां" या "नहीं" के साथ उत्तर नहीं दिया। इसके बजाय उसने उन्हें ठोस प्रमाण भी दिया। लूका ने लिखा है, "उसी घड़ी उस ने बहुतों को बीमारियों, और पीड़ाओं, और दुष्टात्माओं से छुड़ाया; और बहुत से अन्धों को आंखें दीं" (लूका 7:21)। फिर यीशु ने यूहन्ना के चेलों से कहा, "**जो कुछ तुम सुनते हो और देखते हो, वह सब जाकर यूहन्ना से कह दो**।" "सुनते या देखते" का क्रम सुसमाचार के मत्ती के विवरण में इस्तेमाल किए गए ढांचे के नमूने से मेल खाता है। पहले अध्याय 5 से 7 में उसने यीशु की शिक्षाएं बताईं ("सुनो"), इसके बाद अध्याय 8 और 9 में यीशु के आश्चर्यकर्म दिए गए ("देखो")।[5] लूका 7:22 "देखा और सुना" वाक्यांश के क्रम को उलट देता है।

आयत 5. यूहन्ना के चेलों के सामने यीशु द्वारा किए गए काम वे काम थे जिनकी भविष्यवाणी यशायाह ने की थी कि वे मसीहा के आने पर उसके द्वारा किए जाएंगे (यशायाह 29:18, 19; 35:5, 6; 61:1)। इन आश्चर्यकर्मों के तीन जोड़े बनाए जाते हैं और उन्हें मत्ती 8 और 9 से समझाया जा सकता है: (1) **अंधे देखते हैं** (9:27–31) और **लंगड़े चलते फिरते हैं** (8:5–13; 9:2–8); (2) कोढ़ी शुद्ध किए जाते हैं (8:1–4) और **बहरे सुनते हैं** (देखें 9:32–34); (3) **मुर्दे जिलाए जाते हैं** (9:18–26) और **कंगालों को सुसमाचार सुनाया जाता है** (9:35)। यीशु के विपरीत यूहन्ना ने अपनी सेवकाई के दौरान कोई आश्चर्यकर्म नहीं किया (यूहन्ना 10:41)।

आयत 6. यीशु ने अपना उत्तर एक धन्यवचन के साथ समाप्त किया: "**और धन्य है वह, जो मेरे कारण ठोकर न खाए**।" ठोकर खाने के लिए लिए यूनानी क्रिया शब्द (*skandalizō*) का सम्बन्ध अनुवादित संज्ञा शब्द "ठोकर खिलाने का पत्थर" (*skandalon*) है। अन्य शब्दों में यूहन्ना को मसीहा की अपनी पहले से बनी हुई अपेक्षाओं को यीशु में अपने भरोसा करने के

लिए ठोकर का पत्थर नहीं बनने देना चाहिए था।[6]

बहुत से लोगों ने यीशु को जो वह था और जो उसने किया उसी के कारण ठुकरा दिया। कुछ चेलों ने तो उसके पीछे चलने की उसकी कठिन शिक्षा से ठोकर खाई और उसके पीछे चलकर छोड़ दिया (यूहन्ना 6:60, 61, 66)। नासरत जो उसका अपना नगर था के रहने वालों ने यीशु से ''ठोकर खाई।'' उसे उपदेश देते हुए सुनने वालों ने पूछा था, ''इसको यह ज्ञान और सामर्थ के काम कहां से मिले?'' (13:54)। पौलुस ने लिखा कि क्रूस का संदेश यहूदियों के लिए ''ठोकर का कारण'' था, जिस कारण अधिक लोग क्रूस पर चढ़ाए गए, मसीहा की वास्तविकता को स्वीकार नहीं करते थे (1 कुरिन्थियों 1:23; गलातियों 5:11)।

यीशु द्वारा यूहन्ना की सराहना (11:7-15)

7जब वे वहां से चल दिए, तो यीशु यूहन्ना के विषय में लोगों से कहने लगा, ''तुम जंगल में क्या देखने गए थे? क्या हवा से हिलते हुए सरकण्डे को? 8फिर तुम क्या देखने गए थे? क्या कोमल वस्त्र पहिने हुए मनुष्य को? देखो, जो कोमल वस्त्र पहिनते हैं, वे राजभवनों में रहते हैं। 9तो फिर क्यों गए थे? क्या किसी भविष्यवक्ता को देखने को? हां; मैं तुमसे कहता हूं, कि भविष्यवक्ता से भी बड़े को। 10यह वही है जिसके विषय में लिखा है:

'देख, मैं अपने दूत को तेरे आगे भेजता हूं,
जो तेरे आगे तेरा मार्ग तैयार करेगा।'

11मैं तुम से सच कहता हूं कि जो स्त्रियों से जन्मे हैं, उनमें से यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले से कोई बड़ा नहीं हुआ; पर जो स्वर्ग के राज्य में छोटे से छोटे हैं, वह उससे बड़ा है। 12यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के दिनों से अब तक स्वर्ग के राज्य में बलपूर्वक प्रवेश होता रहा है, और बलवान उसे छीन लेते हैं। 13यूहन्ना तक सारे भविष्यवक्ता और व्यवस्था भविष्यवाणी करते रहे। 14और चाहो तो मानो कि एलिय्याह जो आने वाला था, वह यही है। 15जिसके सुनने के कान हों, वह सुन ले।''

आयत 7. यीशु का उत्तर पाने के बाद यूहन्ना द्वारा भेजे गए ये दूत वहां से चले गए। फिर **यीशु** ने भीड़ की ओर मुड़ते हुए उनसे पूछा, ''**तुम जंगल में क्या देखने गए थे? क्या हवा से हिलते हुए सरकण्डे को?**'' यहूदियों की भीड़ यूहन्ना का प्रचार सुनने और उससे बपतिस्मा लेने के लिए उबड़-खाबड़ पहाड़ियों पर से कई कई मील चलकर आई थी (3:5, 6)। स्पष्टतया यूहन्ना हवा से हिलने वाला सरकण्डा नहीं था, जो हर बदलती हुई कम्पन के साथ हिलता रहे। इसके बजाय यूहन्ना दृढ़ विश्वास और साहस से भरा था। उसने फरीसियों और सदूकियों को उनके कपट के लिए निर्भय होकर डांट दिया था (3:7-10)। इससे भी बढ़कर उसने हेरोदेस अन्तिपास द्वारा नाजायज़ विवाह करने पर उसका सामना किया था। वास्तव में उसके बन्दीगृह में डाले जाने का कारण यही था (14:3-5)।

आयत 8. फिर यीशु ने लोगों से पूछा कि क्या वे जंगल में **कोमल वस्त्र पहने हुए मनुष्य को** देखने गए थे। ''कोमल वस्त्र'' (*malakos*) का अनुवाद अलग-अलग तरह से ''महंगे

कपड़े'' (NLT), ''फैंसी कपड़े'' (TEV) और ''सिलक और साटन'' (NEB) के रूप में किया गया है। फिर से प्रश्न का स्पष्ट उत्तर था ''नहीं।'' इसके बजाय यूहन्ना ''ऊंट के रोम का वस्त्र'' पहने था और ''अपनी कमर में चमड़े का कटिबन्ध बांधे हुए था'' (3:4)। उसकी पोशाक नबी (2 राजाओं 1:8; जकर्याह 13:4) और भिखारी वाली थी।[7]

फिर यीशु ने ध्यान दिलाया, ''**जो कोमल वस्त्र पहनते हैं, वे राजभवनों में रहते हैं!**'' ऐसे लोगों में राजा लोग होते थे, जो अपने शाही दरबारों के साथ-साथ अपनी शान के लिए प्रसिद्ध थे, जो अपनी चापलूसी और नैतिक समझौते के लिए प्रसिद्ध होते थे। ये खूबियां वही थीं, जिनका यूहन्ना ने विरोध किया था।

आयतें 9, 10. प्रश्नों की अपनी तीसरी श्रृंखला में, यीशु ने पूछा, ''**तो फिर क्यों गए थे? क्या किसी भविष्यवक्ता को देखने को?**'' इस मामले में उत्तर पक्का था। यूहन्ना वास्तव में **भविष्यवक्ता** था, बल्कि वह **भविष्यवक्ता से भी बढ़कर** था।

यूहन्ना वही था, जिसके आने और मसीहा का मार्ग तैयार करने की भविष्यवाणी की गई थी, जैसा कि मलाकी में से यीशु के उद्धरण से पता चलता है (मलाकी 3:1)।[8] वह आने वाला एलिय्याह ही था (मलाकी 4:5; मत्ती 11:14)।

आयत 11. यीशु ने कहा कि **जो स्त्रियों से जन्मे हैं,** उनमें **यूहन्ना से बड़ा** कोई नहीं। ''जो स्त्रियों से जन्मे'' एक इब्रानी लोकोक्ति है जिसका अर्थ केवल ''मनुष्यजाति'' है (देखें अय्यूब 14:1; 15:14; 25:4)। मसीहा के अग्रदूत की अपनी भूमिका की खूबी के द्वारा वह सबसे बड़ा आदमी है (देखें लूका 1:15)। बेशक इस कथन में यीशु शामिल नहीं था, क्योंकि वह स्वयं मसीहा था। वह भी ''स्त्री से जन्मा'' था (गलातियों 4:4), चाहे उसका जन्म आश्चर्यकर्म के द्वारा गर्भ में आने से हुआ था (1:20 पर टिप्पणियां देखें)।

यीशु ने आगे कहा, ''**पर जो स्वर्ग के राज्य में छोटे से छोटा**[9] **है वह उससे बड़ा है।**'' यह कैसे हो सकता है? बेशक यूहन्ना का प्रचार था कि स्वर्ग का राज्य निकट आया है, पर वह राज्य का नागरिक बिल्कुल नहीं था, वह पिन्तेकुस्त के दिन इसकी स्थापना होने से पहले ही मर गया। मसीही युग में यूहन्ना द्वारा पाई गई आशिषों और विशेषाधिकारों से कहीं बढ़कर आशिषें हैं।[10]

आयत 12. यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के दिनों से अब तक स्वर्ग के राज्य में बलपूर्वक प्रवेश होता रहा है, और बलवान उसे छीन लेते हैं। यह कैसे हो सकता था कि एक राज्य जो अभी था ही नहीं ''यूहन्ना बपतिस्मा देने वालों के दिनों से अब तक'' हिंसा होती रही है? राज्य चाहे आया नहीं था पर यह अपनी तैयारी के चरण में था। ''यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले के दिनों'' उसकी आम सेवकाई के समय की बात करता है। यूहन्ना के संदेश का सामना किया जा रहा था और शीघ्र ही दुष्ट लोगों के हाथों हिंसापूर्वक उसका प्राण ले लिया जाना था (14:3-12)। यीशु ने अपने प्रेरितों को उनके संदेश के प्रति होने वाली कुछ लोगों की हिंसात्मक प्रतिक्रिया से चौकस किया (10:16-20)। उसकी अपनी सेवकाई से हिंसात्मक विरोध हुआ और उसकी मृत्यु के साथ समाप्त हुआ (26:55-57, 65-68; 27:26, 30, 33-35, 50)।

इस आयत के कुछ भागों की व्याख्या करना कठिन है। ''बलपूर्वक प्रवेश'' के यूनानी रूप से (*biazō*) का अनुवाद कर्मवाच्य या मध्यम स्वर के रूप में हो सकता है। यदि इसे कर्मवाच्य (''बलपूर्वक प्रवेश'') के रूप में देखा जाए तो इसका अर्थ है कि यूहन्ना और यीशु का विरोध

करने की तरह राज्य के विरोध में भी हिंसा का इस्तेमाल बाहर होगा। यदि इसे मध्यम वाच्य ("प्रचण्ड रूप में आ रहा है") में पढ़ें तो इसका अर्थ है कि राज्य को लाया तो जा रहा है पर लोग इसमें अपना ढंग ज़बर्दस्ती से ला रहे हैं।

यह दूसरा दृश्य राज्य को "घेराबन्दी हुए नगर" के रूप में दिखाता है जिसमें लोग इसकी शहरपनाह पर हमला करते हुए बलपूर्वक प्रवेश कर रहे हैं। राज्य को चाहे गलत समझा जाता हो पर इसका स्वागत बड़ी उत्सुकता से किया जाता है। कुछ ने तो इसके अचानक आने की जल्दी करने की कोशिश की है; अन्यों ने इसमें प्राथमिकता के प्रति अपना ज़ोर लगाना चाहा (20:21; लूका 16:16; 19:11; 22:24-30; यूहन्ना 6:15; प्रेरितों 1:6)। इन व्याख्याओं में से पहली व्याख्या नकारात्मक है, जबकि दूसरी सकारात्मक। राज्य का बलपूर्वक आना ही इसका अर्थ हो सकता है।

आयत 13. यहां पर यीशु ने पुराने और नये के बीच में उस बदलाव को लाने वाली **यूहन्ना** की भूमिका पर ज़ोर दिया। **सारे भविष्यवक्ता और व्यवस्था** वाक्यांश का इस्तेमाल करते हुए उसने "व्यवस्था और भविष्यवक्ताओं" के सामान्य क्रम को उलट दिया (देखें 5:17; 7:12; 22:40)। यह इस सच्चाई को सामने लाने के लिए किया गया होगा कि यूहन्ना भविष्यवाणी का पूरा होना था। सब भविष्यवक्ताओं की आवाज लगभग चार सौ साल तक खामोश रही थी। पुराने नियम के अन्तिम भविष्यवक्ता मलाकी ने यूहन्ना के आने की पूर्वसूचना दी थी (11:9, 10 पर टिप्पणियां देखें)। भविष्यवक्ताओं ने मिलकर यूहन्ना के आने के आसपास होने वाली घटनाओं की ओर ही ध्यान दिलाया था। वह "जंगल में एक पुकारने वाले का शब्द" था "कि प्रभु का मार्ग तैयार करो, उसकी सड़कें सीधी करो" (3:3; देखें यशायाह 40:3)। यूहन्ना और उसके बाद आने वाले के आने से वे सब भविष्यवाणियां पूरी हो जानी थीं। व्यवस्था और भविष्यवक्ताओं में उस राज्य के आने की भविष्यवाणी भी थी (दानिय्येल 2:44), जिसके "निकट" होने का प्रचार यूहन्ना और यीशु दोनों ने किया (3:2; 4:17)।

आयत 14. यीशु ने यूहन्ना को **एलिय्याह जो आने वाला था** के रूप में देखा। यह मलाकी 4:5 का पूरा होना था: "देखो, यहोवा के उस बड़े और भयानक दिन के आने से पहिले, मैं तुम्हारे पास एलिय्याह नबी को भेजूंगा।" इसी भविष्यवाणी और इस तथ्य के आधार पर कि एलिय्याह को शारीरिक मृत्यु नहीं आई थी (2 राजाओं 2:11, 12), यहूदी लोग यह उम्मीद करते थे कि वह शारीरिक रूप में पृथ्वी पर लौट आया है।[11] यूहन्ना ने इनकार किया था कि वह शारीरिक रूप में एलिय्याह है (यूहन्ना 1:21), परन्तु यीशु ने उसका परिचय मलाकी में भविष्यवाणी किए हुए "एलिय्याह" के रूप में दिया (देखें 17:10-13; मरकुस 9:11-13)। यूहन्ना वास्तव में "एलिय्याह की आत्मा और सामर्थ में होकर" आया (लूका 1:17) था।

यीशु ने इस बात को समझा कि हर कोई नहीं **मानेगा** कि यूहन्ना ही "एलिय्याह" था। एलिय्याह के शारीरिक रूप में वापस आने की उनकी अपनी अवधारणाओं के साथ यह तथ्य भी जुड़ा हुआ था कि यूहन्ना जेल में था, और यही उनके लिए समझना कठिन रहा होगा। उसकी पहचान को स्वीकार करने में ये बातें ठोकर का पत्थर बनी रही होंगी (11:6 पर टिप्पणियां देखें)।

आयत 15. यीशु ने अपने सुनने वालों के सुनने के लिए ताड़ना देते हुए बात पूरी की:

"**जिसके कान हों वह सुन ले।**" उसकी अभिव्यक्ति और ऐसी और अभिव्यक्तियां सुसमाचार के सहदर्शी वृत्तांतों में और प्रकाशितवाक्य में मिलती हैं (13:9, 43; मरकुस 4:9, 23; लूका 8:8; 14:35; प्रकाशितवाक्य 2:7, 11, 17, 29; 3:6, 13, 22; 13:9)। केवल कहे गए साफ़ साफ़ शब्दों को ही सुना जाना आवश्यक नहीं है, बल्कि आज्ञाकारी विश्वास के द्वारा अपना जीवन बदलने देना भी आवश्यक है।

यूहन्ना और यीशु को लोगों का जवाब (11:16-19)

[16]"मैं इस समय के लोगों की उपमा किससे दूं? वे उन बालकों के समान हैं, जो बाजारों में बैठे हुए एक-दूसरे से पुकार कर कहते हैं: [17]'तुम्हारे लिए बांसुरी बजाई, और तुम न नाचे; हमने विलाप किया, और तुमने छाती नहीं पीटी।' [18]क्योंकि यूहन्ना न खाता आया और न पीता, और वे कहते हैं, 'उसमें दुष्टात्मा है।' [19]मनुष्य का पुत्र खाता-पिता आया, और वे कहते हैं 'देखो, पेटू और पियक्कड़ मनुष्य, महसूल लेने वालों और पापियों का मित्र!' पर ज्ञान अपने कामों से सच्चा ठहराया गया है।"

आयत 16. यीशु ने पूछा, "**मैं इस समय के लोगों की उपमा किससे दूं?**" "समय के लोगों" (*genea*) शब्द एक विशेष समय में रहने वाले लोगों को कहा गया है। यीशु आमतौर पर अपने समकालियों के लिए, विशेषकर उसे ठुकराने वालों के लिए इसी शब्द का इस्तेमाल करता था (12:39, 41, 42, 45; 16:4; 17:17; 23:36; 24:34)। इस संदर्भ में उसने अपने समय के लोगों की तुलना **बालकों** से की, जो विश्वास में कच्चे थे। वे उन बच्चों के समान थे जो **बाज़ारों** में खेल खेलते थे, जबकि उनके माता-पिता खरीदारी कर रहे या आपस में मिल रहे होते थे।

आयत 17. यीशु ने ऐसी गेमें खेलने वाले बच्चों के समूह की तस्वीर बनाई, जो अपने मित्रों को बुला रहे, और सहयोग न करने के लिए उनकी आलोचना कर रहे हैं। विवाह के आनन्दपूर्ण जश्न जैसे अवसरों पर **बांसुरी बजाई** जाने पर सहयोग न करने वाले मित्र आगे बढ़कर **नाचे** नहीं। खेल बन्द करके जब वे जनाजे पर **विलाप** का गीत गाने लगे तो इन मित्रों ने तब भी सहयोग नहीं किया, यानी उन्होंने **छाती** नहीं **पीटी।** किसी के मर जाने पर आमतौर पर विलाप करने के लिए पेशेवर लोगों को बुलाया जाता था (9:23 पर टिप्पणियां देखें)। इसके अलावा जनाज़े में साथ जाने वालों से छाती पीटने में सहयोग करने की अपेक्षा की जाती थी।[12]

यूहन्ना और यीशु को यहूदियों की ओर से ग्रहण करने के ढंग के वर्णन के लिए प्रतिदिन के जीवन का यह आम उदाहरण इस्तेमाल किया गया। वे परमेश्वर के इन दूतों में से किसी के साथ भी सहयोग नहीं करना था।

आयत 18. उस समय के यहूदी लोग जिनके पास **यूहन्ना** आया था बिना आत्मिक समझ के थे। उन्होंने अपनी विशेष और कठोर जीवनशैली के कारण यूहन्ना को ठुकरा दिया। यूहन्ना **न खाता आया और न पीता,** जो इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाता है कि वह मय नहीं पीता था (लूका 1:15) और उसका थोड़ा सा भोजन "टिड्डियां और वनमधु" था (3:4)। उसने अपने चेलों को उपवास करने को भी कहा था (9:14)। उस समय के लोगों ने अत्यधिक कठोर और

गम्भीर होने के कारण उसके संदेश को ठुकरा दिया था। उसने उन्हें निष्क्रिय नहीं होने देना था बल्कि उसने लोगों को मन फिराने और बपतिस्मा लेने को कहा (3:2, 6; मरकुस 1:4)। जिस कारण उन्होंने उस पर **दुष्टात्मा** से ग्रस्त होने का आरोप लगा दिया।[13]

जब यीशु ने इस समय के लोगों की बात की, तो ऐसा लगता है कि उसके मन में पहले से धार्मिक अगुवे थे। लूका के सहदर्शी वृत्तांत में कोष्ठक में टिप्पणी है जो आम लोगों को (महसूल लेने वालों सहित) जिन्होंने यूहन्ना के बपतिस्मे को मान लिया था, फरीसियों और व्यवस्थापकों से अलग बताती है, जिन्होंने बपतिस्मा लेने से इनकार करके अपने जीवनों के लिए परमेश्वर की इच्छा को नकार दिया था (लूका 7:29, 30; देखें मत्ती 21:32)।

आयत 19. इस समय के लोगों ने यीशु को भी नकार दिया, जिसे यहां **मनुष्य का पुत्र** के रूप में दिखाया गया है। उन्होंने उस पर **पेटू और पियक्कड़** मनुष्य होने का आरोप लगाया (देखें व्यवस्थाविवरण 21:20)।[14] ये गलत आरोप कुल मिलाकर तथ्यों को तोड़ना मरोड़ना था। यीशु ने अपने चेलों को परम्परागत यहूदी उपवासों में भाग लेने की आज्ञा नहीं दी (9:14) और उसने लोगों के घरों में खाने की कई दावतों (9:9, 10; 26:6, 7; लूका 7:36; 10:38; 14:1; 19:5) और विवाह जैसे कई समारोहों को भी स्वीकार किया (यूहन्ना 2:1-11)। यूहन्ना की आलोचना उसके कठोर व्यवहार के कारण हुई पर यीशु की आलोचना जीवन की सामान्य गतिविधियों में भाग लेने के कारण हुई।

उन्होंने यीशु का अपनी सेवकाई को जारी रखते हुए उन साथियों को साथ लेने का भी मज़ाक उड़ाया, उसे **महसूल लेने वालों और पापियों का मित्र** कहकर (9:11 पर टिप्पपिणयां देखें)। बेशक यीशु ऐसे लोगों के साथ उन्हें परमेश्वर की ओर वापस लाने के उद्देश्य से मिलता था न कि उनके बुरे कामों में भाग लेने के लिए। लुईस ने यह कहते हुए इसे इस प्रकार बताया है, "जहां दूसरे लोग 'भक्तों' के अलगाववादी दल बना रहे थे-अलगाववादी (फरीसी) या 'ज्योति की संतान (एसेनी)' पवित्र बचे हुए लोग बनने की कोशिश कर रहे थे जबकि यीशु आम लोगों के बीच में गया और उसने खोए हुओं के बीच काम किया।"[15]

यीशु ने यह कहते हुए समाप्त किया, "**पर ज्ञान अपने कामों से सच्चा ठहराया गया है**।" पुराने नियम की तरह ही "ज्ञान" (*ophia*) को एक स्त्री के रूप से मिलाया गया है (देखें नीतिवचन 8; 9)। "अपने कामों" के बजाय लूका में "अपनी संतानों" है (लूका 7:35)। परन्तु बात वही है। लोग चाहे उनके बारे में जो कहें, यीशु और यूहन्ना ने मनुष्यों को मन फिराने और आने वाले राज्य के लिए तैयार करने के लिए बुलाने के परमेश्वर के उपाय की योजना में अपनी भूमिकाएं निभा दी हैं। उनके द्वारा बदले गए लोगों अर्थात जिनके जीवन पूरी तरह से बदल गए थे, अपनी गतिविधियों को सही ठहराया। फरीसी और अन्य आलोचक चाहे परमेश्वर के ज्ञान को नहीं मानते पर आत्मिक रूप में समझदार लोग राज्य की शिक्षा को सुनने को तैयार थे। लूका में ज्ञान की "सन्तान" बाज़ार के "बालकों" से जो सहयोग नहीं करते, बिल्कुल अलग थे (लूका 7:32, 35)।

❖❖❖❖❖ सबक ❖❖❖❖❖

मसीह ने सिखाना जारी रखा (अध्याय 11)

मत्ती 11 में छह सच्चाइयां मिलती हैं: (1) महानता को नापने का परमेश्वर का नाप हमारे नाप से बहुत अलग है (11:1–6)। (2) रूप आम तौर पर भ्रमित करने वाला होता है (11:7–10)। (3) हमें कभी भी उसके महत्व को कम नहीं समझना चाहिए, जो हम परमेश्वर के लिए कर सकते हैं (11:11–15)। (4) अधिकतर लोगों को असली धर्म की चाह नहीं होती (11:16–19)। (5) मसीह हमारा न्याय करेगा (11:20–24)। (6) मसीह उनके प्रति जो उसके पास आते हैं करुणा से भरा और उन्हें क्षमा करने को उत्सुक है (11:25–30)।

यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला (11:2-6)

यूहन्ना ऊंट के रोम का वस्त्र पहना हुआ प्रचारक था (3:4)। यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले को समझने के लिए हमें उसकी कुछ पृष्ठभूमि का पता होना आवश्यक है। वह अपने जन्म से पहले भी विशेष था (लूका 1:1–25, 41, 57–66)। वह केवल एक जिज्ञासा नहीं था; जो विशेषताएं हमें उस पर विचार करने को विवश करती हैं, वास्तव में वे पुराने नियम के नबियों की परम्परा में ही थी (यशायाह 40:3–5; मलाकी 3:1; 4:5, 6)। उसका काम दूसरा होना था न कि पहला अर्थात दूल्हे का साथी यानी सड़्वाला बनना था न कि दूल्हा (3:11; यूहन्ना 3:29, 30)। वह मसीह नहीं था (लूका 3:15–17) बल्कि उसका मिशन मसीहा के लिए मार्ग तैयार करना अर्थात लोगों के मनों को तैयार करना अर्थात ज्योति की गवाही देना था (यूहन्ना 1:1–18, 29–34)। उसका संदेश सीधा था कि ‘‘मन फिराओ, क्योंकि स्वर्ग का राज्य निकट आ गया है’’ (3:2)। वह ‘‘पापों की क्षमा के लिए मनफिराव के बपतिस्मा का प्रचार करता था’’ (मरकुस 1:4) और राज्य के शुभ समाचार के प्रचार के यीशु के लिए मार्ग तैयार करता था और राज्य का समाचार सुनाने के लिए यीशु का रास्ता साफ़ करता था (मरकुस 1:14, 15)। यूहन्ना ने दिखाया कि हमें अपने विश्वास को गम्भीरता से लेना आवश्यक है। हम ‘‘चापलूसी’’ करके सन्तुष्ट नहीं हो सकते यानी हमें वचन और कर्म दोनों से प्रभु की सेवा करना आवश्यक है।

संदेहों से निपटना (11:2-6)

जीवन में किसी समय लगभग हर मसीही को संदेहों से दो चार होना पड़ेगा। ये संदेह आमतौर पर आर्थिक संघर्षों, सम्बन्ध के झगड़ों, स्वास्थ्य की समस्याओं और प्रियजनों की मृत्यु जैसी कठिन परीक्षाओं से आते हैं। संदेहों से हमें चकित नहीं होना चाहिए; यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले खम्भे जैसे व्यक्ति को भी जेल में होने पर इनका सामना करना पड़ा था। हमें अपने संदेहों के प्रति ईमानदार होकर और उन्हें मसीह के पास ले जाकर उसके नमूने का अनुसरण करना चाहिए। आखिर वही तो अकेला है जो उन्हें निकालने के योग्य है। शायद हमें उस व्यक्ति की प्रार्थना कहनी चाहिए जिसका पुत्र दुष्टात्मा से पीड़ित था: ‘‘[हे प्रभु], मैं विश्वास करता हूं, मेरे अविश्वास का उपाय कर!’’ (मरकुस 9:24; NIV)।

डेविड स्टिवर्ट

टिप्पणियां

[1]लियोन मौरिस, *द गॉस्पल अकॉर्डिंग टू मैथ्यू,* पिल्लर कमैंट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. ईर्डमैंस पब्लिशिंग कं., 1992), 272. [2]जैक पी. लुईस, *द गॉस्पल अकॉर्डिंग टू मैथ्यू,* पार्ट 1, द लिविंग वर्ड कमैंट्री (आस्टिन, टैक्सस: स्वीट पब्लिशिंग कं., 1976), 158. [3]जोसेफस ने लिखा है कि यूहन्ना की हत्या ''हेरोदेस के शक करने वाले स्वभाव'' के कारण मुकेइरस नामक किले में हुई थी (जोसेफस *एन्टिक्विटीस* 18.5.2)। [4]*जौंडरवन इलस्ट्रेटेड बाइबल बैकग्राउंड्स कमैंट्री,* अंक 1, *मैथ्यू, मार्क, लूक,* संपा. क्लिंटन ई. अरनोल्ड (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जौंडरवन, 2002), 72 में माइकल जे. विलकिन्स, ''मैथ्यू''; देखें जोसेफस *वार्स* 7.6.2. [5]देखें डोनल्ड ए. हैग्नर, *मैथ्यू 1-13,* वर्ड बिब्लिकल कमैंट्री, अंक 33ए (डलास: वर्ड बुक्स, 1993), 300. [6]मौरिस, 277. [7]जोसेफस *वार्स* 1.24.3. [8]यीशु का उद्धरण मलाकी 3:1 से लिया गया है। ''मेरे'' सर्वनाम (''प्रभु'' की बात करते हुए) को ''तेरे'' (उसके मसीहा की बात करते हुए) में बदल दिया गया है। [9]देखें 5:19; 10:42; 18:1-4; 20:25-28; 25:40, 45. [10]लुईस, 161.

[11]देखें प्रवक्ता ग्रंथ 48:1, 10; मिशनाह *एड्योथ* 8.7; *सोटह* 9:15. कुछ लोगों ने गलती से यीशु को एलिय्याह मान लिया था (16:14), जबकि अन्यों ने गलती से यह सोचा कि यीशु क्रूस पर चढ़ाए जाने के समय एलिय्याह को पुकार रहा था (27:46, 47)। [12]जोसेफस *अगेंस्ट अपियन* 2.27. [13]यीशु पर दुष्टात्मा से पीड़ित होने का आरोप भी लगाया गया (9:34; 10:25; 12:24; यूहन्ना 7:20; 8:48, 52; 10:20)। [14]बाइबल के समयों में मय पर जानकारी के लिए *डिक्शनरी ऑफ़ जीज़स एंड द गॉस्पल्स,* संपा. जोएल बी. ग्रीन एंड स्कॉट मैक्नाइट (डाउनर्स ग्रोव, इलिनोइस: इंटरवर्सिटी प्रैस, 1992), 870-73 में देखें ड्यून एफ़. वाट्स, ''वाइन।'' [15]लुईस, 163.